प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। दिल्ली में कल एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर वह स्थान प्राप्त है, जो पहले कभी नहीं मिला था। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत 2014 से ही तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत का आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे। भारत टैक्स एक बड़ा वैश्विक कार्यक्रम है और यह भारत मंडपम में 17 फरवरी तक जारी रहेगा।

*भारत टैक्स मंच कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक आयोजन है। इसमें दो स्थानों पर आयोजित एक मेगा एक्सपो शामिल है, जिसमें कपड़ा तंत्र को प्रदर्शित किया गया है। इसमें 70 से अधिक सम्मेलन सत्र गोलमेज सम्मेलन और पैनल चर्चा वाला एक वैश्विक स्तर का सम्मेलन भी होगा। इस एक्सपो में नीति निर्माताओं और विश्व के शीर्ष कारोबारियों सहित 5000 से अधिक प्रदर्शकों 120 से अधिक देशों के 6000 खरीदारों के अलावा बड़ी संख्या में आगंतुकों के शामिल होने की उम्मीद है।*

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केन्द्रीय बजट 2025 आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो ग़रीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनाएगा। अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं विधानसभा में स्थानीय लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मोदी सरकार का यह बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है।

डाक अदालत

प्रदेश में 21 फरवरी को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक व अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में ये अदालत आयोजित होगी। इस अदालत में लोगों की डाक संबंधी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा ।

किक बॉक्सिंग

मंडी जिला की थुनाग तहसील के गांव शिकावरी की बेटी होमानी ने छठी एशियन सवाते प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता...

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते कल हुई ताजा बर्फबारी से राज्य में तापमान में 4—5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार 17 फरवरी से हिमाचल क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके प्रभाव से 18 फरवरी को राज्य में फिर से वर्षा और बर्फबारी की सम्भावना है।

———————————